# वॉक इन इन्टरव्यू

# कार्यालय प्रधानाचार्य :: स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सोसाइटी :: हरदोई।

E-mail : hardoimedicalcollege@gmail.com

संख्याः 91 /मे0का0हरदोई/2021 दिनांकः 29/06/2021

## –: सेवायोजन विज्ञप्ति :–

शासनादेश संख्या–06/2021/1351/71–3–2021–एनएम–07/2020, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–3, दिंनाक–05 जनवरी 2021 एवं शासनादेश संख्या–14/2021/1534/71–3–2021–एनएम–01/2020, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–3, दिंनाक–15 फरवरी 2021 के माध्यम से **स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, हरदोई, उत्तर प्रदेश** के विभिन्न विभागों में सृजित सीनियर रेजीडेण्ट के पदों पर एन0एम0सी0 मानको को पूर्ण किये जाने/रोगीहित/शोध कार्यो हेतु चयन/नियुक्ति की कार्यवाही नियमानुसार किये जाने हेतु पदों का विवरण निम्नवत है।

सीनियर रेजीडेन्ट के पदों की रिक्तियों एवं नियुक्ति की शर्तें महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण के बेवसाइट http://dgmeup.in पर उपलब्ध हैं।

**सीनियर रेजीडेण्ट, वेतनमान (रूपये) 15600–39100 ग्रेड पे 6600 के पदों का विवरण**

| कम | विशिष्ठता | रिक्त पदों की संख्या | अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | आर्थिक रूप से कमजोर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आर्थोपैडिक्स | 01 | – | – | 01 | – | – |
| 2 | इमरजेन्सी मेडिसिन | 06 | 02 | 02 | 01 | | 01 |
| 3 | एनेस्थिसिया | 01 | – | – | 01 | – | – |
| 4 | ई0एन0टी0 | 01 | 01 | – | – | – | – |
| 5 | जनरल मेडिसिन | 03 | 01 | 01 | 01 | – | – |
| 6 | जनरल सर्जरी | 03 | 02 | 01 | – | – | – |
| 7 | टी0बी0 एण्ड चेस्ट | 01 | – | 01 | – | – | – |
| 8 | डर्मेटोलॉजी | 01 | – | – | – | – | 01 |
| 9 | पीडियाट्रिक्स | 01 | – | – | 01 | – | – |
| 10 | रेडियोडायग्नोसिस | 02 | 01 | 01 | – | – | – |
| 11 | साइकेट्री | 01 | 01 | – | – | – | – |
| | योग | 21 | 8 | 06 | 05 | 00 | 02 |

उक्त सीनियर रेजीडेण्ट पदों हेतु अर्हता एन0एम0सी मानकों के अनुरूप होंगी। चयन/नियुक्ति की कार्यवाही वॉक इन इण्टरव्यू के माध्यम से 01 वर्ष के लिये की जायेंगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त मूल शैक्षिक प्रमाण–पत्रों एवं छायाप्रतियों की एक प्रति स्वप्रमाणित तथा 02 नवीन फोटो, मेडिकल काउंसिल के स्थाई पंजीकरण सहित साक्षात्कार हेतु **दिनांक –03 जुलाई, 2021, दिन शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (महिला) कार्यालय हरदोई में प्रातः 10:00 बजे** उपस्थित होना सुनिश्चित करें। यदि अभ्यर्थी पूर्व में किसी भी संस्था में कार्य कर रहे तो उस संस्था से अनापत्ति प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य होगा। आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को आयु में शासकीय नियमानुसार छूट प्रदान की जायेंगी। ओ0बी0सी0 श्रेणी के अभ्यर्थियों को नवीनतम जाति प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य होंगा । चयनित अभ्यार्थियों की सूची कालेज की वेबसाइड पर अपलोड एवं नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी जायेंगी। उक्त रिक्त पदो के नियुक्ति/चयन की कार्यवाही में सम्मिलित होने हेतु किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय न होगा। पदों की सख्या घट–बढ़ सकती है।

**नोट – उपरोक्त समस्त पदों पर पूर्णयता चयन/नियुक्ति नहीं हो जाती है, तब तक अवशेष पदों पर प्रत्येक सप्ताह के शनिवार को उक्त स्थल पर वॉक इन इण्टरव्यू सम्पन्न होंगे। आरक्षित श्रेणी के पद पर 03 बार साक्षात्कार होने के उपरान्त भी यदि कोई आरक्षित श्रेणी का अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होता है, तो उस पद पर नियमानुसार सामान्य वर्ग के अभ्यर्थी से चयन/नियुक्ति की कार्यवाही सम्पादित की जायेंगी।**

**प्रधानाचार्य**
स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सोसाइटी, हरदोई।

संख्या– ................/तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञाप्ति को महानिदेशालय की बेवसाइड पर अपलोड किये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
2. कुलसचिव/ प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, लखनऊ/ सैफई,इटावा/ मेरठ/ आगरा/ इलाहाबाद/ झांसी/ गोरखपुर/ अम्बेडकर नगर/ कन्नौज /जालौन / बांदा/सहारनपुर/बदांयू को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त सेवायोजन विज्ञप्ति को कार्यालय/छात्रावासो की नोटिस बोर्ड तथा कालेज की बेवसाइड पर प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
3. प्रभारी अधिकारी अधिष्ठान, मेडिकल कालेज, हरदोई को इस निर्देश से प्रेषित कि उक्त सेवायोजन विज्ञप्ति को समस्त मेडिकल कालेजों को ई–मेल के माध्यम से प्रेषित करना सुनिश्चित करें।
4. सूचना पट, कालेज/केन्द्रीय पुस्तकालय/छात्रावास, मेडिकल कालेज, हरदोई।
5. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला पुरूष/महिला चिकित्सालय, हरदोई को इस आशय से प्रेषित कि वह अपने सूचना पट पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
6. गार्ड फाइल।

**प्रधानाचार्य**
स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सोसाइटी, हरदोई।

Scanned with CamScanner